तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

11 पत्रकारिता सामाजिक उत्तरदायित्व का एक ...


12 भगवान परशुराम पराक्रमी योद्धा, वेदों के ...


### जन स्वास्थ्य विभाग ने योजना तैयार कर मुख्यालय भेजी

# तिलयार और बोहर में बनेगा वाटर स्टोरेज टैंक, पेयजल क्षमता बढ़ेगी

## शहर सहित निगम में शामिल 8 गांवों में पानी की समस्या का होगा खात्मा

- चंडीगढ़ से अनुमति का चल रहा इंतजार, आए दिन होने वाली पानी की समस्या से मिलेगा छुटकारा
- नहर में पानी नहीं होता तो वाटर टैंक में स्टोरेज पानी को लोगों के घरों तक पहुंचाया जाता
- तिलियार लेक पर 25 एकड़ भूमि में जनस्वास्थ्य विभाग 32 दिन की स्टोरेज क्षमता का टैंक बनवाएगा




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जिले में कई साल से गर्मियों में पेयजल किल्लत की समस्या बढ़ जाती है। अधिकतर आबादी जेएलएन से ही पानी की सप्लाई पर निर्भर है। जब नहर में पानी नहीं होता तो वाटर टैंक में स्टोरेज पानी को लोगों के घरों तक पानी पहुंचाया जाता है लेकिन इतने साल बीतने के बाद भी केवल 8 दिन का ही स्टोरेज होता है। ऐसे में स्टोरेज बढ़ाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग ने योजना तैयार की है। इसके तहत तिलियार लेक पर 25 एकड़ भूमि में जनस्वास्थ्य विभाग 32 दिन की स्टोरेज क्षमता का टैंक बनवाएगा। इसके अलावा गांव बोहर की जमीन पर भी स्टोरेज टैंक बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। इन योजनाओं के पूरा होने के बाद ही पेयजल आपूर्ति के हालात सामान्य हो सकेंगे। नहर का पानी उपलब्ध न होने की स्थिति में यह अतिरिक्त पानी 16 दिनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा।

### अमृत 2 के तहत होंगे कार्य

लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के स्थानीय कार्यालय ने इस संबंध में अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत)-2 के तहत राज्य सरकार के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजा है। विभाग के पास पास पुराने शहर में पीने योग्य पानी की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केवल तीन जल संयंत्र हैं। जहां केवल आठ दिनों की आपूर्ति के लिए पानी संग्रहीत किया जा सकता है। सर्दियों में यहां महीने में 24 दिन और गर्मियों में 40 दिन नहरी पानी की आपूर्ति की जाती है, इसलिए जल भंडारण क्षमता को बढ़ाने की सख्त जरूरत है। ताकि गर्मियों में भी इसकी आपूर्ति को बनाए रखने के लिए अधिक पर्याप्त पानी संग्रहीत किया जा सके। वर्तमान में शहर में पीने के पानी की मांग लगभग 80 मिलियन लीटर प्रतिदिन है। गर्मियों में नहरी पानी की कमी और खपत में वृद्धि के कारण मांग 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। वहीं रोहतक में अमृत 1 के तहत चल रहे कार्य अंतिम चरण में हैं।

### आदेश आने के बाद जल्द काम शुरू करवाया जाएगा

गांव बोहर और तिलयर झील की जगह पर स्टोरेज टैंक बनाए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने योजना तैयार की है। जिसे अनुमति के लिए मुख्यालय भेजा गया है। आदेश आने के बाद जल्द ही काम शुरू करवाया जाएगा। इन टैंक के बनने के बाद आसपास के 15 किलोमीटर के एरिया में पीने के पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। **-अनिल रोहिल्ला**, एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग रोहतक

### 8 गांवों में पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति

निगम में शामिल किए गए आठ गांवों में पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। इनमें बोहर, बलियाना, गढ़ी बोहर, खेड़ी साध, पहरावर, कन्हेली, सुनारिया खुर्द व कलां हैं। इन गांवों में पानी पहुंचाने के लिए ही यह स्टोरेज बनवाए जाएंगे। इसके अलावा पुराने शहर के बस अड्डा एरिया, माता दरवाजा, जींद रोड, हिसार रोड, गोहाना अड्डा, जींद बाईपास आदि एरिया में पानी पहुंचाना आसान होगा। इसके बाद इन एरिया में पर्याप्त सप्लाई की जाएगी। इन एरिया में गर्मियों में एक समय भी पानी नहीं पहुंच पाता।

# शुगर मिल कर्मी को चाकू घोंपने वालों का सुराग नहीं

## पीजीआई में भर्ती करवाया था, जहां 32 टांके लगे थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

आईएमटी स्थित बाइक सवार बदमाशों ने शुगर मिल के कर्मचारी से लूट मार करने और चाकूओं से हमला करने के मामले में पुलिस के हाथ अभी खाली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द आरोपी को पकड़ने का दावा कर रही है। ज्ञात हो की गुरुवार को हुए हमले में कर्मचारी के 32 टांके आए थे। कर्मचारी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति की पहचान गांव बलियाणा निवासी जोगेंद्र के रूप में हुई है। जोगेंद्र ने बताया कि वह भाली शुगर मिल में नौकरी करता है। गुरुवार रात को 8.30 बजे ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। जब में आईएमटी क्षेत्र में निजी कंपनी के पास अप्रोच रोड पर पहुंचा तो बाइक सवार 3 बदमाशों ने मेरी बाइक को टक्कर मारकर नीचे गिरा दिया। जोंगेंद्र ने बताया कि बाइक नीचे गिरते ही तीनों बदमाशों ने मुझे पकड़ लिया और पर्स लूट लिया। मैंने विरोध किया तो तीनों ने चाकुओं से ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। इसके बाद तीनों बदमाश मेरा पर्स लेकर फरार हो गए। पर्स में मात्र 100 रुपये और आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम व अन्य आईडी प्रूफ थे। जोगेंद्र ने बताया कि बदमाशों ने एक चाकू उसकी आंत में मारा, जिससे छोटी आंत कट गई। वहीं, लिवर पर भी हमला किया, जिसमें गहरा जख्म हो गया। वहीं हाथ पर भी वार किया गया। आसपास के लोगों ने पीजीआई में भर्ती करवाया। पुलिस को मामले की सूचना दी। परिजन भी सूचना पर अस्पताल पहुंच गए थे।

### की जा रही जांच

एक व्यक्ति के साथ देर रात को लूटपाट व हमला होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने घायल जोगेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस मामले में अज्ञात हमलावरों की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा। **-बुध सिंह**, एसआई, आईएमटी

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी
LPS BOSSARD Proven Productivity | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि एवं सहयोगी एलपीएस बोसार्ड के द्वारा
''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' (31 मई 2025) के अवसर पर
बस स्टैण्ड रोहतक व पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, नजदीक पॉवर हाउस चौक, रोहतक पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
Co-Sponsor
kainos® TRANSFORMING HEALTHCARE
I. B. SMART START Sec-3 Part, Near P.F. Office, Rohtak-124001 (HARYANA)
MALIK NEUROPSYCHIATRY CENTRE Sec. 2, Market, Rohtak
UPS LAKSHMI
BP Jain Skill Development Centre

## खबर संक्षेप

### मदवि में प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 जून से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर, एमएड स्पेशल एजुकेशन दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर तथा तीसरे सेमेस्टर की केवल री-अपीयर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 2 जून से 8 जून तक आयोजित की जाएंगी।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुमित निवासी बुटाना हाल कच्चा चमारिया रोड के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ है।

## सुंदरपुर रोड स्थित आरा मशीन से लकड़ी चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** सुंदरपुर रोड स्थित लकड़ी का आरा से लकड़ी चोरी हो गई। आरा के मालिक ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार ने बताया कि वह गांव खिड़वाली का रहने वाला है। मैंने सुंदरपुर रोड पर लकड़ी का आरा कर रखा है, मुझे कई दिन से शक था कि मेरे आरा से लकड़ियां चोरी हो रही है। मैं अपने आरे पर था तो एक युवक मोटर साइकिल लेकर आया और मेरे आरा से लकड़ी उठाई और अपनी मोटर साइकिल पर रख कर भागा तो मैंने उसका पिछा किया। वह सुंदरपुर रजबाया के पास गिर गया। इसके बाद युवक को पकड़ लिया और पूछताछ की तो युवक की पहचान मोहित निवासी गांव पोलंगी पाना कुरडी के रुप में हुई। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।



## पीजीआई निदेशक से की एचआरए न कटवाने की मांग

**रोहतक।** पीजीआईएमएस की नर्सों ने पीजीआई निदेशक डॉ एसके सिंघल को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनका एचआरए न कटवाने की मांग की गई। उनका कहना है कि उन्हें सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा। ज्ञापन में महिला कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पीजीआई द्वारा निवास अलॉट किया गया है। जहां लिफ्ट, बिजली, पानी और साफ सफाई और सिक्योरिटी की सुविधाएं न के बराबर हैं। अलॉटमेंट के साथ ही उनका एचआरए कटना भी शुरू हो गया है। इसलिए उनकी मांग है कि जब तक उन्हें पूरी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल जाती, उनका एचआरए न काटा जाए।

## मदविः समेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मार्च 2025 में आयोजित सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग इन फार्मास्यूटिकल साइंसेज के प्रथम सेमेस्टर रेगुलर, दिसंबर 2024 में आयोजित एमए-हिन्दी ऑनलाइन प्रोग्राम डीडीई प्रथम सेमेस्टर, एमए-इकोनॉमिक्स ऑनलाइन प्रोग्राम डीडीई प्रथम सेमेस्टर, एमए-हिन्दी डीडीई प्रथम, तीसरे व चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर तथा दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए-इकोनॉमिक्स डीडीई प्रथम सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमपीएड चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### दलबीर फोगाट अब नूंह में निगम कमिश्नर की जिम्मेदारी संभालेंगे

# मुकुंद ने संभाला महम एसडीएम का कार्यभार, अधिकारियों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

महम चीनी मिल के एमडी मुकुंद ने शुक्रवार दोपहर बाद एसडीएम महम का भी कार्यभार संभाल लिया। एसडीएम दलबीर सिंह फोगाट ने नए उप मंडल अधिकारी का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। नई जिम्मेदारी के लिए उन्होंने मुकुंद को शुभकामनाएं दी। फोगाट अब नूंह में नगर निगम कमिश्नर की जिम्मेदारी संभालेंगे। इन्होंने कहा कि इस इलाके में उन्होंने काफी लंबे समय तक सेवाएं दी हैं। यहां की जनता का, यहां के नेताओं का, यहां के अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष प्यार व सहयोग मिला। इसके लिए वे सभी तहेदिल से आभार व्यक्त करते हैं। दलबीर फोगाट महम में एसडीएम के तौर पर काफी लोकप्रिय रहे।




**महम।** नए एसडीएम मुकुंद का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते सीनियर एचसीएस अधिकारी दलबीर सिंह फोगाट। फोटोः हरिभूमि

### लोगों को बेहतर कार्य की उम्मीद

इलाके के लोगों ने कहा है कि नए एसडीएम से भी वे इसी तरह बेहतर कार्य की उम्मीद करते हैं। वे नौजवान अधिकारी हैं। अवश्य ही उनकी ऊर्जा और बुद्धिमता का यहां के लोगों का फायदा मिलेगा। दलबीर फोगाट ने बताया कि वे 27 जुलाई 2022 को यहां पर दूसरी बार एसडीएम के पद पर आए थे। महम चीनी मिल के एमडी के तौर पर भी लंबे समय तक सेवाएं दी। दो बार रोहतक के एसडीएम रहे। दो बार रोहतक चीनी मिल के एमडी रहे। रोहतक में रोडवेज महकमे के जीएम रहे। उन्होंने जिला परिषद् रोहतक के सीईओ के पद पर भी कार्य किया।

सत जीन्दा कल्याणा (पी.जी.) महाविद्यालय, कलानौर (रोहतक)
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से संबद्ध
NAAC ACCREDITED 'A' GRADE & ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE
प्रवेश प्रारंभ 2025-2026
उपलब्ध कोर्स
BA | B.Com | BCA
B.SC Non-Medical (Physical Sc.) | APGDCA
MA (Geography) | M.Com
UG Admission Portal : https://admissions.higheredu hry.ac.in
UG Online Registration and Submission of Application : 19.05.2025 onwards
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए कॉलेज में हेल्प डेस्क की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।
Contact No.: 8607022439, 8708866122
डॉ. नरेश कुमार दुआ, प्राचार्य



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।



ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।



## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोट्‌र्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है। इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।



### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इप्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीऐ कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरियल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिस्प्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

### अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

### असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे :** जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें :** आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप

### कीर्तन कर संगतों को निहाल किया

**रोहतक।** टीकाना सत बाबा सावल शाह उदासीन आश्रम जगदीश कॉलोनी में गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी गुरू पर्व मनाया गया। डेरे के संचालक संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि डेरे में 21 दिन से लगातार सुखमनी साहिब का पाठ चल रहा था। महक बावा ने कीर्तन किया, कीर्तन के बाद अरदास की गई और भंडारा भी लगाया गया। इस अवसर पर महक बावा, बेबी, सुनीता, अनीता, अंजू, मंजू, दीपा, हीना, आशा, नीलम, अनीला, अलका, तनु रहे।

### भगवान परशुराम की जयंती मनाई

**रोहतक।** ग्रीन रोड केशव पार्क में वेलफेयर एसोसिएशन की महिलाओं द्वारा भगवान परशुराम जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर फूल माला अर्पण कर उन्हें नमन किया गया। मधु गुप्ता ने बताया कि परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। इस मौके पर वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल, शंकर, मधु गुप्ता, सविता, सुमन, पूजा, शशि, मिट्ठू, सीमा, कैलाश, आशा आदि उपस्थित रहे।

### हिंदी पत्रकारिता दिवस पर बीएमयू में व्याख्यान आयोजित

# पत्रकारिता सामाजिक उत्तरदायित्व का एक जीवंत मिशनः डॉ. सुशील

विद्यार्थियों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में हिंदी पत्रकारिता पर व्याख्यान करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड लिबरल एजुकेशन द्वारा हिंदी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष में सत्य, सरोकार और संवेदना में हिंदी पत्रकारिता एक विमर्श विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुशील कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, जनसंचार विभाग ने पत्रकारिता के मूल तत्वों सत्य, सरोकार और संवेदना पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक उत्तरदायित्व का एक जीवंत मिशन है, जो समाज की सच्ची तस्वीर सामने लाने और जनसरोकारों को स्वर देने का काम करता है। डॉ. कुमार ने फेक न्यूज़, टीआरपी संस्कृति, मीडिया ट्रायल और कॉरपोरेट दबाव जैसे समकालीन मीडिया जगत की चुनौतियों पर भी विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि आज की पत्रकारिता को पुनः अपनी नैतिक जड़ों की ओर लौटना चाहिए, जहां सच की कसौटी सर्वोपरि थी। प्रो. बीएम यादव, अधिष्ठाता मानविकी संकाय, प्रो. सुधीर मलिक, प्रो. बाबूराम, प्रो. यशपाल, प्रो. ब्रह्मप्रकाश, प्रो. जगदीश भारद्वाज और प्रो. जेके शर्मा ने हिंदी पत्रकारिता के सामाजिक योगदान और उसके भविष्य पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन लिटरेरी क्लब के संयोजक सचिव कुलदीप राठी एवं उनके सहयोगी सदस्यों द्वारा किया गया। डॉ. प्रोमिला ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में पत्रकारिता के प्रति समझ और संवेदनशीलता विकसित होती है, जो भविष्य में उन्हें जिम्मेदार पत्रकार बनने की प्रेरणा देगी।

# टैलेंट ट्री स्कूल महम के बच्चों ने स्प्लैश पूल पार्टी में एक्वाफिएस्टा का लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


**महम।** स्कूल में आयोजित पूल पार्टी का आनंद लेते टैलेंट ट्री स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चे।

दिल्ली-हिसार हाइवे स्थित टैलेंट ट्री स्कूल में किंडरगार्टन के बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। पूल पार्टी /"एक्वाफिएस्टा/" का शुभारंभ स्कूल प्रबंधन से रेखा देवी व स्कूल प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने किया। पूल पार्टी में छात्र-छात्राओं ने म्यूजिक की धुन पर रेन डांस करते हुए धमाल मचाया। विद्यालय में समय-समय पर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त मौसम के अनुसार भी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि जलक्रीड़ा गतिविधियां बच्चों के मोटर कौशल को मजबूत करती हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। इससे उनमें समन्वय कौशल का विकास भी होता है। इस अवसर पर पूल को रंग बिरंगे गुब्बारों व खिलौनों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। छाया प्रदान करने के लिए टेबलों पर रंग बिरंगी छतरियां रखी गई थी। पानी में उतरते ही छोटे बच्चे बहुत उत्साहित दिखे। जल्द ही वे पानी में छप-छप करते हुए और खुशी-खुशी मस्ती करते हुए दिखाई दिए। वे फव्वारों के नीचे खड़े होकर बहते पानी का आनंद ले रहे थे। संगीत की धुन में बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने उन्मुक्त होकर अपने डांस कौशल का भी प्रदर्शन किया। बच्चों ने पॉपकॉर्न, जूस, कैंडी, फ्रूट आदि का भी खूब चाव से स्वाद लिया।


रोहतक। सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मियों को विदाई देते डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा व डीन सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया। *फोटो : हरिभूमि*

# एमडीयू के 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से शुक्रवार को तीन शिक्षकों सहित 10 कर्मी सेवानिवृत हो गए। कुलपति कार्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। गणित विभाग से वरिष्ठ प्रोफेसर डा. गुलशन लाल तनेजा, समाजशास्त्र विभाग से सीनियर प्रोफेसर डॉ. देसराज, फार्मेसी विभाग से प्रोफेसर डॉ. संजू नंदा, शैक्षणिक शाखा से उप कुलसचिव सुमित्रा गिरधर, अधीक्षक- सुनील चहल, वीना पोपली और सुभाष देसवाल, सहायक विष्णु भगवान और सुरेश कुमार तथा लिपिक बलजीत नांदल और दिलबाग सेवानिवृत हुए। डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मियों के उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मियों के कार्यकाल की सराहना की। सेवानिवृत शिक्षकों एवं कर्मियों ने विश्वविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर डीन, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट प्रो. एससी मलिक, डीन सीडीसी प्रो. विनीता हुड्डा, डीन, सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया, प्रो. राजीव कुमार, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट आदि रहे।

### नेत्रदान करने वाली स्व. सुनीता का परिवार किया सम्मानित

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग ने नेत्रदान जैसे पुण्य कार्य के लिए स्व. सुनीता देवी, निवासी शिवाजी कॉलोनी, के परिवार को उनकी रस्म पगड़ी के अवसर पर सम्मानित किया। मदनलाल ढींगरा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा ने पहुंचकर विभाग का शोक संदेश और प्रशंसा पत्र परिवार को सौंपा।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. रमेश आर्य द्वारा भेजे गए शोक संदेश में सुनीता देवी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया और उनके परिवार द्वारा नेत्रदान करवाने के फैसले की सराहना की गई। कहा कि यह कार्य न केवल दिवंगत आत्मा को अमर करता है, बल्कि किसी दृष्टिहीन को जीवन में नई रोशनी भी देता है। ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को इस दुख की घड़ी में शक्ति दें। मृत्यु के बाद 6 घंटे के भीतर नेत्रदान संभव है और इसके लिए 108 पर तुरंत सूचना देना आवश्यक है। नेत्रदान से चेहरा विकृत नहीं होता और यह सभी धर्मों द्वारा स्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर लगभग हर मृतक व्यक्ति का नेत्रदान संभव होता है।



# सैनी पब्लिक स्कूल में फन-डे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सैनी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले नर्सरी से कक्षा पांच तक के बच्चों के लिए फन डे का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल नमिता सैनी ने बताया कि 1 जून से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हैं, इसलिए बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए स्कूल में फन डे का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए नो स्कूल बैग, नो ड्रेस डे रखा गया, बच्चे बहुत खुश नजर आए। बच्चों ने फन डे का भरपूर लुत्फ उठाया। अध्यापिकाओं ने मिलकर बच्चों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं रखी। इस अवसर पर अध्यापिका रेनू सैनी, सुनीता सैनी, मुकेश, रेखा रानी, उषा, रेखा सैनी, रेनू बाला, ज्योति, कमलेश, नविता, संतोष आदि उपस्थित रहे।

# पठानिया स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम वैल्यू एजुकेशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए उपयोगी : प्रधानाचार्या

पठानिया पब्लिक स्कूल में शिक्षकों की दक्षता को विकसित करने एवं नई शिक्षण पद्धतियों से उन्हें सुसज्जित करने के उद्देश्य से न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम वैल्यू एजुकेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन यतिन रावल व नीरू द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों, कक्षा प्रबंधन, मूल्य-आधारित शिक्षा, विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं तथा समावेशी शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। सत्र में सहभागियों को सहभागिता आधारित गतिविधियों, समूह चर्चा, केस स्टडी और प्रजेंटेशन के माध्यम से शिक्षण के नए आयामों से परिचित करवाया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को अपडेट रखने और विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं।



# गवर्नमेंट आईटीआई महम के प्रिंसिपल राजेंद्र पांचाल हुए सेवानिवृत, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महम के प्रिंसिपल राजेंद्र पांचाल शुक्रवार को 37 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। उनकी विदाई के मौके पर एक समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता वाइस प्रिंसिपल इंद्र सिंह सैनी ने की।

उन्होंने बताया कि राजेंद्र पांचाल 10 नवंबर 1987 को अनुदेशक के पद पर चयनित हुए थे। साल 2007 में प्रिंसिपल के पद पर भिवानी आईटीआई में प्रमोट हुए। 2008 में महम आईटीआई में प्रिंसिपल नियुक्त किए गए। वर्ष 2014 में झज्जर की आईटीआई में भी प्रिंसिपल रहे। 2015 में मातनहेल आईटीआई में प्रिंसिपल के पद पर कार्य किया। अब वे साल 2016 में फिर से महम की आईटीआई में प्रिंसिपल की सेवा दे रहे थे। आज 37 साल 6 महीने 22 दिन में सेवानिवृत हो गए। इस दिन संस्थान से अंजू देवी भी सेवानिवृत हो गई। इस मौके पर कुलबीर सिंह , राजेश ,अशोक, विकास, दलवीर, रामवीर, सरोज, मोनिका देवी, अशोक आर्य, मुनीराम मोखरा, मुख्तार सिंह दांगी, विकास पांचाल, आशीष पंचाल, मोहित पांचाल तथा विजेंद्र दांगी मौजूद थे।



**महम।** सेवानिवृति के मौके पर प्रिंसिपल राजेंद्र पांचाल को पगड़ी पहनाते अनुदेशक।



# शुगर के अधिक सेवन के नुकसान बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

द आर्यन गलोबल स्कूल में वर्कशॉप का आयोजन सीमा शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। वर्कशॉप का विषय शुगर के अधिक सेवन से होने वाले नकारात्मक प्रभाव रहा।

उन्होंने बच्चों में शुगर से बढ़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया। सीमा शर्मा ने कहा कि बच्चों में अधिक चीनी के सेवन से कई तरह के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे मोटापा, दांतों में सड़न और टाइप 2 डायबिटीज का खतरा। यह बच्चों की मानसिक और शारीरिक विकास पर भी बुरा प्रभाव डाल सकते हैं। प्रधानाचार्य राजकुमार खन्ना और स्कूल निदेशिका सुनीता अहलावत ने बच्चों को इस विषय पर जागरूक किया।


**रोहतक।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। *फोटो : हरिभूमि*

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोनीपत रोड स्थित विद्या श्री इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई और आईएसटीएम के तत्वाधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन जॉइंट सेक्रेटरी एंड हेड सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस तरुण कुमार, जॉइंट डायरेक्टर गुंजन गांधी, इंटरनेशनल ट्रेनर करमजीत सिंह सोढी, टेक्निकल एक्सपर्ट- तेज सिंह रजदान, स्कूल प्राचार्या ऋषवंत कौर एवं स्कूल अध्यक्ष डॉ. विकास सिवाच द्वारा किया गया। प्राचार्या ऋषवंत कौर ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हर बच्चे को अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराना, शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार, ज्ञान व कौशल से भरपूर समाज का निर्माण करना जैसे तथ्यों पर अपने विचार सांझा किए। कार्यशाला का उद्देश्य प्रशिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण कौशल प्रदान करना, जिससे कि वे सभी शिक्षा देने की प्रक्रिया में सुधार ला सकें। कार्यशाला में 105 शिक्षकों व सम्वयकों ने हिस्सा लिया। ऋषवंत कौर ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का समापन 31 मई को होगा।



# बचपन प्ले स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बचपन प्ले स्कूल वसंत विहार में स्वास्थ्य जांच शिविर तथा पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और परामर्श दिया। प्रबंधक डॉ. अशोक दुहन तथा डॉ. सुनीता दुहन द्वारा स्कूल में हुई विभिन्न गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सोनिया नागपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम की जयंती मनाई

**रोहतक।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा भगवान परशुराम की जयंति मनाई गई। शाखा के अध्यक्ष रमन गुप्ता ने बताया कि परशुराम को भगवान विष्णु का छटा अवतार माना जाता है जो भगवान विष्णु के दशावतारों में से एक हैं। परशुराम एक बहुत शक्तिशाली व्यक्ति थे। उन्हें शास्त्र विद्या का ज्ञान था। इन्हें हर युग में अलग-अलग अवतारों में उपस्थित माना जाता है। इस अवसर पर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। सभी विजेता सदस्यों को पुरस्कार के रूप में प्लास्टिक मुक्त भारत के अंतर्गत कपड़े के थैले दिए गए। इस मौके पर डॉक्टर हेडगेवार समिति के सदस्य अशोक कुमार गुप्ता, महाराजा अग्रसेन विकास ट्रस्ट से गणपत राय गोयल, विजय प्रभात शाखा से महेश , वैश्य एजुकेशन सोसाइटी से शंकर गर्ग, भारत विकास परिषद से रमन गुप्ता रहे।



# राजकीय मॉडल स्कूल में बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय फरमाणा बादशाहपुर में कक्षा तत्परता कार्यक्रम एवं सुलेख प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके कक्षा-इंचार्ज के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक संजय चोपड़ा ने बताया कि बच्चों के लेखन-कौशल को सुधारने के लिए पूरे दो सप्ताह तक सीआरपी कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष कार्य करवाया गया। इसमें छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर संकुल मुखिया शिवदयाल, मुख्याध्यापिका सुदेश कुमारी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



### सुखमनी साहिब पाठ का समापन

**रोहतक।** टिकाना सत बाबा सांवल शाह आश्रम में एक महीने से चल रहे सुखमनी साहिब पाठ का भोग डाला गया। आश्रम में रोजाना ठंडे जल की छबील और भंडारा भी लगाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज ने सभी को अपना आर्शीवाद दिया। साथ ही आश्रम पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

### मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** पण्डित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंदमठ में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 1 जून को सुबह 9 बजे से 12:30 बजे तक होगा। मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ. बलदेव (पूर्व संस्कृत विभागाध्यक्ष, एमडीयू रोहतक) होंगे तथा भजनोपदेशक सत्यनारायण आर्य, हनुमत आर्य आदि अपने सुन्दर भजन प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम का संचालन सुभाष सांगवान प्रधान, वेदप्रचार मंडल करेंगे।

### सूचना

मैं, सत्यवान पुत्र जीत राम निवासी गांव अटायल, तहसील सांपला, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### रैली में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

**महम।** पहरावर में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित रैली में लाखन माजरा क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। बीजेपी के लाखनमाजरा मंडल अध्यक्ष अमित चौहान ने काफिले की अगुवाई की। अमित चौहान ने बताया कि भगवान परशुराम की जयंती मे न केवल बृहामण बल्कि 36 बिरादरी की जनता ने हिस्सा लिया।

### दिव्य योग मंदिर में योग शिविर 19 से

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित दिव्य योग मंदिर में निशुल्क योग शिविर का आयोजन 19 जून से किया जाएगा। योगाचार्य कार्तिकेय ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन 21 जून को होगा। उन्होंने बताया कि शिविर स्वामी अमित देव महाराज के सानिध्य में लगाया जाएगा। इस योग शिविर में नासिका में बादाम रोगन डालकर, सूत्र नेती, जल नेती, योग आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं ओम का उच्चारण करवाया जाएगा।

### लक्ष्मी नगर से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**रोहतक।** लक्ष्मी नगर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में रजनेश ने बताया कि वह आजाद गढ़ का रहने वाला है। मैं गैस स्पलाई का काम करता हूं। 29 मई मैं अपनी मोटरसाइकिल लक्ष्मी नगर वाली में खड़ी कर दी। जब मैंने वापिस आकर देखा तो मोटरसाइकिल वहां पर नहीं मिली। इसके बाद आस-पास देखा तो नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### निःशुल्क योग शिविर 1 जून से लगाया जाएगा

**रोहतक।** स्व. सेठ बिमल प्रसाद जैन की याद में निःशुल्क योग शिविर 1 जून से लगाया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि यह शिविर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के पिता की याद में लगवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर 1 जून से 7 जून तक सुखपरा चौक स्थित कम्यूनिटि सेंटर में सुबह 5 बजे से 6:30 बजे तक लगाया जाएगा। इस शिविर में योग गुरु सरदार हवा सिंह सैनी साधकों को योग सिखाएंगे।

# हरिभूमि का बस स्टैंड और पं. नेकीराम कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान आज

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैण्ड रोहतक व पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, नजदीक पॉवर हाउस चौक, रोहतक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 31 मई को अग्रणी समाचार पत्र समूह दैनिक हरिभूमि बस स्टैंड और पंडित नेकीराम कॉलेज में तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। वहां आने वाले लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उनके हस्ताक्षर करवाएं जाएंगे। इस दौरान प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति व शिक्षा संगठनों से जुड़े लोग भी पहुंचेंगे। यह अभियान शनिवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। इस अभियान में स्पॉन्सर एलपीएस बोसार्ड, आईबी स्कूल, कॉयनोस अस्पताल और मलिक मनोरोग सेंटर रहेंगे।

हरिभूमि का यह अभियान सामाजिक दायित्वों से जुड़ा हुआ अनोखा अभियान है जो एक समाचार पत्र को उसके कल्याणकारी कर्तव्यों से अवगत कराता है। हरिभूमि प्रतिवर्ष इस अभियान के माध्यम से समाज के सबसे बड़े शत्रु धूम्रपान से न केवल सावधान कर रहा है बल्कि युवाओं को जीवन के प्रति सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित भी कर रहा है।

- प्रशासन, धार्मिक, राजनीति और शिक्षा संगठनों से जुड़े लोगों की होगी भागीदारी
- तंबाकू से दूर रहने के लिए करवाएंगे लोगों से हस्ताक्षर
- सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा अभियान
- हर साल 31 मई को मनाया जाता है विश्व तंबाकू निषेध दिवस

### तम्बाकू का सेवन करने से प्रतिवर्ष विश्व में होती हैं आठ से नौ लाख मौतें

तम्बाकू एक धीमा जहर है जो कि व्यक्ति के शरीर को अंदर से कमजोर एवं खोखला बना देता है। जिससे व्यक्ति तमाम तरह की घातक बीमारियों का शिकार हो जाता है और तो ओर कई बार व्यक्ति को इसकी वजह से मृत्यु तक का सामना करना पड़ता है। इसलिए तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बताने के लिए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में हरिभूमि की यह पहल सार्थक है।

भारत में तम्बाकू नियंत्रण पर रिपोर्ट 2004 के अनुसार देश में प्रतिवर्ष तम्बाकू का सेवन करने से आठ से नौ लाख मौतें होती है। तम्बाकू का सेवन करने के कारण ह्दयाघात (78 प्रतिशत), तपेदिक (65.6 प्रतिशत), इनफ्रेक्शन (52 प्रतिशत), इसोफेजियल कैंसर (43 प्रतिशत)और मुंह का कैंसर (38 प्रतिशत) तथा फेफड़ों का कैंसर (16 प्रतिशत) का रोग जोखम है। इसलिए तम्बाकू का प्रयोग न करें।

# भगवान परशुराम पराक्रमी योद्धा, वेदों के ज्ञाता व महान समाज सुधारक थे: सीएम

- रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती समारोह का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भगवान परशुराम जयंती, सिख गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस और अरूट महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सभी महापुरुषों ने धर्म की स्थापना, सामाजिक एकता, सद्भाव और संस्कृति के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। इनकी जीवन यात्रा हम सभी को सदा धर्म पथ पर चलने और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। वे शुक्रवार को रोहतक के पहरावर में भगवान परशुराम जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

भगवान परशुराम को पराक्रमी योद्धा, वेदों के ज्ञाता और महान समाज सुधारक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने ब्राह्मण होते हुए भी शस्त्र धारण कर अन्याय और अधर्म का नाश किया। भगवान परशुराम का जीवन हमें यही संदेश देता है कि ज्ञान और बल का संतुलन ही समाज को सही दिशा में आगे ले जाता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भूमि वीरता, विद्या और परंपरा की जननी रही है। भगवान परशुराम ने कहा था कि धर्म की रक्षा के लिए यदि शस्त्र भी उठाना पड़े तो वह भी तपस्या का ही एक रूप है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम ने किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि समाज हित में, धर्म की रक्षा के लिए, अन्याय का नाश किया। इसी प्रेरणा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने पहलगाम की निंदनीय घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत टारगेट तरीके से किसी आम व्यक्ति को नुकसान न पहुंचाते हुए पाकिस्तान में जहां आतंकवाद पनपता था, उन ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

सरकार द्वारा ब्राह्मण समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान परशुराम की शिक्षाओं और आदर्शों से नई पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए कैथल में मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहरावर गांव में 2013 से चले आ रहे गौड़ ब्राह्मण कॉलेज की जमीन के विवाद को भी सुलझाया है।










### ग्रामीणों ने किया स्वागत

पहरावर के गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री का महामाला से भी स्वागत किया गया। विद्या प्रचारिणी सभा की ओर से प्रशासक आशीष वशिष्ठ ने सभी अतिथिगण का स्मृतिचिन्ह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने मैराथन दौड़ का विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली प्रदेश की 15 वर्षीय छात्रा सानिया पांचाल, एथलेटिक हिमांशी पंघाल को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह को सामाजिक समरसता का संगम बताते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने सनातन परंपरा को मजबूत करने का कार्य किया है। उन्होंने हमेशा अधर्म व अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ी तथा समाज को नई दिशा दिखाई। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय व अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा दिखाई। हमें इनके पदचिन्हों पर चलते हुए सर्व समाज को आगे बढ़ाना है।

### मुख्यमंत्री गरीबों के हितैषी और 36 बिरादरी के नेता: डॉ अरविंद शर्मा

सहकारिता और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसानों, मजदूरों, गरीबों के हितैषी और 36 बिरादरी के नेता हैं। उन्होंने कहा कि आज जिस स्थान पर यह कार्यक्रम हो रहा है, इसकी भव्यता और बढ़ गई है और इस परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

### सनातन धर्म व संस्कृति के रक्षक थे भगवान परशुराम: मोहन लाल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम न केवल एक महान योद्धा थे, बल्कि वे सनातन धर्म और संस्कृति के रक्षक भी थे। उन्होंने अन्याय और अधर्म के खिलाफ आवाज उठाई और समाज में समानता व न्याय की स्थापना की।

### जयहिंद के घर के बाहर पुलिस बल तैनात



**रोहतक।** नवीन जयहिंद के मकान के बाहर तैनात पुलिस बल। फोटो: हरिभूमि

समारोह शुरू होने से पहले ही पुलिसकर्मियों ने नवीन जयहिन्द के आवास पर पहुंच कर घेराबंदी कर ली। उन्हें घर से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई। जयहिन्द ने कहा कि क्या मैं कोई अपराधी हू, जिसे इस तरह से नजरबंद किया जाता है। जब भी सीएम रोहतक आते हैं तो उसे हाउस अरेस्ट किया जाता है। जयहिन्द ने कार्यक्रम के आयोजन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पहरावर की जमीन का श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। उस पर जयहिन्द ने कहा कि यह जमीन न तो कांग्रेस वाले दी न ही बीजेपी ने दी। यह पहरावर गांव की जमीन थी और पहरावर गांव ने यह जमीन वापिस ली।

### अमन वशिष्ठ को पुलिस ने लिया हिरासत में



**रोहतक।** कांग्रेस नेता अमन वशिष्ठ के साथ मौजूद पुलिस अधिकारी।

मुख्यमन्त्री आगमन से पूर्व हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमन वशिष्ठ को पुलिस प्रशासन ने सुबह जल्द ही उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पुलिस हिरासत में ले लिया। वशिष्ठ ने बताया कि उनके द्वारा 28 जनवरी को भी जिले के पुलिस प्रशासन को जिला प्रशासन द्वारा उन्हें मुख्यमन्त्री के रोहतक आगमन के दौरान उनसे मिलवाकर एक ज्ञापन सौंपने के लिए अनुमति पत्र सौंपा गया था, उस समय भी पुलिस प्रशासन ने उन्हें मुख्यमन्त्री से मिलवाने के लिए पूर्ण रूप से आश्वस्त किया था। उन्होंने बताया कि जब गत 31 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमन्त्री का रोहतक आगमन हुआ तो उन्हें उस समय मुख्यमन्त्री से मिलवाने की बजाय पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

### पुलिस ने मुझे हिरासत में लिया : पांचाल

**रोहतक।** पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता महेंद्र पांचाल ने कहा कि शुक्रवार को उन्हें पहरावर में सीएम नायब सिंह सैनी से मिलना था। लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही हिरासत में ले लिया। पांचाल ने बताया कि लाखनमाजरा पुलिस ने पिछड़ा वर्ग के चार व्यक्तियों की हत्या पिछले दिनों हो चुकी है। इस बारे में ही मुख्यमंत्री से मिलना था। लेकिन पुलिस ने सीएम से नहीं मिलने दिया। भगवतीपुर से गिरफ्तार करके उन्हें लाखनमाजरा थाने में बंद कर दिया गया। पांचाल का कहना है कि पुलिस ने उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया है। कोई भी व्यक्ति कहीं भी सीएम से मिल सकता है, ऐसा पांचाल ने कहा है।

# रोडवेज की 170 से ज्यादा बसें गई सीएम के कार्यक्रम में, भटकते रहे यात्री



**रोहतक।** रोडवेज डिपो की 170 से ज्यादा बसें पहरावर गांव परशुराम जयंती में लोगों को लाने ले जाने के लिए लगाई गई। लेकिन बसों को रूटों पर चलाने के लिए डिपों की तरफ से अन्य कोई विकल्प नहीं था। ऐसे में यात्रियों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। निजी वाहन चालकों ने यात्रियों को उनके गतंव्य स्थानों तक पहुंचाने के लिए दोगुणा किराया वसूला है। इसके चलते निजी वाहनों में भी यात्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण भीड़ देखी गई। ज्यादातर यात्रियों ने बसें न होने से यात्रा ही नहीं की वह वापस अपने घरों की तरफ लोटे है। पहरावर परशुराम जयंती में रोहतक डिपों से ही नहीं अन्य डिपों से भी बसों को मंगवाया गया था। ऐसे में रूटों पर बसें चलाने की व्यवस्था नहीं हो पाई थी। परशुराम जयंती के कार्यक्रम में महाप्रबंधक विपिन शर्मा को ही नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। वह बसों के संचालन की पूरी देखरेख कर रहे थे। लेकिन देर रात तक अन्य डिपों से बसों को मंगवाने का सिलसिला जारी रहा। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना तो करना ही था। हालांकि यात्रियों का कहना है कि डिपों की तरफ से कुछ बसों की व्यवस्था करवाना जरूरी था।

- निजी वाहन चालकों ने यात्रियों को गतंव्य स्थानों तक पहुंचाने के लिए दोगुणा किराया वसूला



**महम।** ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने पहुंचे सीबीएसई स्कूलों के शिक्षक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

समस्या | पिछले 20 दिन से नहीं हुई सफाई, फैल रही बदबू

# वार्ड-16 शिवाजी कॉलोनी मार्केट में खुले नालों से दुकानदार परेशान, हादसे की आशंका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- मार्केट में करीब 50 दुकानदार समस्या से प्रभावित

वार्ड-16 स्थित शिवाजी कॉलोनी की मार्केट में पिछले 20 दिनों से नालों की सफाई के नाम पर नगर निगम द्वारा ढक्कन हटाए गए थे, लेकिन आज तक ना तो नालों की सफाई की गई और ना ही उन पर ढक्कन लगाए गए हैं। दुकानदारों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

समाजसेवी जसबीर कुमार व स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि नालों में कचरा भरा पड़ा है, जिससे भयंकर बदबू और मच्छरों की भरमार हो गई है। इससे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। खुले पड़े गहरे नाले हादसों को न्योता दे रहे हैं, और खासकर बच्चों के गिरने का डर लगातार बना हुआ है। मार्केट में करीब 50 दुकानदार इस समस्या से प्रभावित हैं। दुकानदारों का कहना है कि शाम के समय जब बाजार में भीड़ होती है तो सड़क जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। कई जगहों पर अभी तक मलबा भी नहीं हटाया गया है, जिससे मार्केट की सुंदरता और स्वच्छता दोनों प्रभावित हो रही हैं।नागरिकों और दुकानदारों ने नगर निगम से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इस दौरान विजय, सतनाम, संतोष धोरण, सुरेश डॉक्टर श्याम, सुदामा व सतीश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**नालों की सफाई ही नहीं करनी थी तो खोला क्यों:** आमजन का कहना है कि जब नालों की सफाई ही नहीं की जानी थी तो उनके ढक्कनों को क्यों हटाया गया। ऐसे में जो असुविधा लोगों को झेलनी पड़ रही है, उस असुविधा को अधिकारी नहीं समझ सकते। ऐसे में रोजाना हादसा होने का खतरा बना रहता है। रात के समय भी लोगों का आवागमन रहता है, लेकिन समाधान न होने की वजह से परेशानी ही चल रही है।

### नहीं मिली शिकायत

इस तरह की कोई समस्या बनी हुई है तो हमें शिकायत नहीं मिली है। आज इस समस्या की जांच की जाएगी। तुरंत मौके पर इसका समाधान किया जाएगा। अगर नालों की सफाई नहीं हुई है तो पहले नालों की सफाई करवाई जाएगी। उसके बाद उन पर ढक्कनों को लगवा दिया जाएगा। ऐसे में किसी भी दुकानदार को समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा।

**-नमिता कुमारी**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

# शिक्षकों ने एचडी स्कूल में ली एडवांस लाइफ स्किल की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

- रिसोर्स पर्सन ललित शर्मा ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।
- शिक्षकों ने टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप क्वालिटी, सहानुभूति, बुरी संगत छोड़ो, विचारों की क्रिएटिविटी और समूह क्रियाकलाप के बारे में सीखा।

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में सीबीएसई द्वारा एक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय एडवांस लाइफ स्किल था। इसमें रिसोर्स पर्सन ललित शर्मा ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। अध्यापकों ने विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त की। जिसमें मुख्य रूप से टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप क्वालिटी, सहानुभूति, बुरी संगत छोड़ो, विचारों की क्रिएटिविटी और समूह क्रियाकलाप के बारे में सीखा।

इसके साथ उन्होंने आधुनिक शिक्षा प्रणाली में चुनौतियां और समाधान विषय की जानकारी प्राप्त की। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सेमिनार का उद्देश्य महज जानकारी प्राप्त करना नहीं बल्कि इन उद्देश्यों को आत्मसात करके क्रियात्मक रूप भी देना होता है ताकि शिक्षण कार्य को सुगम बनाया जा सके।

स्कूल प्रांगण में कक्षा तीसरी से पांचवीं के बच्चों के लिए स्लाद बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने खूब इंजॉय किया। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने कहा कि इन आयोजनों से बच्चों का मनोरंजन तो होता ही है। साथ ही उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, अपनत्व, जोश व प्रेम की भावना को बढावा मिलता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर , उपप्राचार्या इंदु नहरा के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।